# महाकाल और ओंकारेश्वर का प्रसाद डाक सेवा के माध्यम से पहुंचेगा

▸ सीएम डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया डाक नायकों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. बाबा महाकाल और भगवान ओंकारेश्वर का प्रसाद भी भक्तों तक डाक के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है . यह वाकई में अद्भुत कार्य है और महाराज सिंधिया ने जो यह पुण्य कार्य कराया है यह अद्भुत है. पूर्व में भी इस मंत्रालय की जिम्मेदारी जब सिंधिया के पास थी तो अनेक उपलब्धियां दर्ज कराई और एक बार फिर यह रूपांतरण किया जा रहा है.**

यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन कार्तिक मेला मैदान पर ग्रामीण डाक नायकों के सम्मान में कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की. कार्यक्रम में महत्वपूर्ण रूप से भारतीय डाक विभाग के माध्यम से उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मध्यपद्रेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक नायकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय महिला बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, संजय अग्रवाल, राजेंद्र भारती आदि उपस्थित थे।

**लिफाफा ही नहीं, बैंकिंग और बीमा भी** -इस अवसर पर सीएम ने कहा हमारे डाक सेवक अब केवल लिफाफे नहीं पहुंचा रहे, बैंकिंग और बीमा जैसी अन्य सेवाएं भी दे रहें हैं. साथ ही हमारे राज्य में 16800 से ज्यादा ऊर्जावान डाक सेवक काम कर रहे हैं. मध्य प्रदेश में 9256 डाकघर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं.

## रेगिस्तान हो या पहाड़ सब जगह डाक सेवक

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने सिंधिया ने कहा कि देश में ग्रामीण डाक सेवक एक सैनिक की भांति कार्य कर रहे हैं. रेगिस्तान हो या पहाड़ों की चोटियां या मैदानी क्षेत्र हर एक स्थान पर ग्रामीण डाक सेवक निर्भिक रूप से पहुंचकर आम जन की सेवा कर रहे है. सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बगैर डाक सेवक अपने कर्तव्य का निर्वाह कर रहा है. ग्रामीण डाक सेवक का मान सम्मान शासन का संकल्प है. डाक सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 30 करोड़ पोस्ट ऑफिस बचत खातों को खुलवाने तथा उनमें लगभग 22 लाख करोड़ की रुपए की राशि जमा कराने में ग्रामीण डाक सेवक की महत्वपूर्ण भूमिका है. देश में 2 करोड़ पासपोर्ट बनवाने में तथा 15 करोड़ से अधिक आधार कार्ड वितरण में भी हमारे डाक सेवकों ने महत्वूर्ण भूमिका निभाई है. अब केंद्रीय विद्यालयों में ग्रामीण डाक सेवकों के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा. डाकघरों को मुनाफे का केंद्र बनाया जाएगा. डाक विभाग में डिजिटल सिस्टम, ट्रैकिंग सिस्टम अपनाए जाएंगे. दुर्गम क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की भी सेवाएं ली जाएगी . विभाग अब ड्रोन का भी उपयोग करेंगा.

# मध्यप्रदेश के मौसम में बदलाव का क्रम जारी

## 05 जिलों में अलर्ट जारी

**भोपाल,** 24 फरवरी. मध्य प्रदेश में फरवरी माह में मौसम का मिजाज असामान्य बना हुआ है. दक्षिणी हिस्सों में बने कम दबाव के क्षेत्र और दो सक्रिय द्रोणिकाओं के असर से प्रदेश में चौथी बार बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग ने बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और सिवनी समेत पांच जिलों में वर्षा का अलर्ट जारी किया है.

सोमवार को कई शहरों में दिन में तेज धूप रही, लेकिन शाम होते-होते मौसम बदल गया. जबलपुर में धूल भरी आंधी और बूंदाबांदी दर्ज की गई, वहीं रीवा और सीधी में भी बारिश हुई. रात के समय ग्वालियर, मुरैना, सागर, दमोह और खरगोन सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा हुई. इस बार फरवरी महीना सामान्य से अलग रहा है. महीने की शुरुआत में ही दो बार ओले और बारिश हुई थी, 18 फरवरी से तीसरा दौर सक्रिय रहा, और अब 23 फरवरी से चौथी बार बादलों ने दस्तक दी है. बारिश के कारण दिन का तापमान गिरा है,

> पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, मंदसौर में 11.7 डिग्री और राजगढ़ में 12.4 डिग्री दर्ज किया गया. भोपाल और इंदौर में मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम अस्थिर बना हुआ है. फरवरी के अंतिम दिनों में भी कहीं धूप, कहीं बादल और बारिश का मिश्रित प्रभाव जारी रहने का अनुमान है. किसान और आम लोग बारिश और तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण मौसम के प्रति सतर्क बने हुए हैं.

# भगौरिया को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाएंगे

▸ विधानसभा में सीएम ने की घोषणा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 फरवरी.** मप्र में भगौरिया पर्व को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा. यह घोषणा सदन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की. उन्होंने कहा कि मालवांचल के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में फाग पत्र के रूप में मशहूर भगौरिया लोकात्सव को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है.

जनजातीय बहुल बड़वानी, धार और झाबुआ दो सेक्टर्स में सरकार कृषि कैबिनेट करने की तैयारी भी कर रही है. जिससे कि सामाजिक उत्सव को प्रोत्साहन के साथ इस अंचल और यहां के निवासियों के विकास में मप्र सरकार की प्रतिबद्धता भी दिखाई दे. उन्होंने आज से शुरू हुई भगौरिया लोकपर्व की बधाई भी दी.

## सरपंचों को समय पर नहीं मिल रहा मानदेय

▸ प्रश्नकाल में उठा मामला

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, प्रदेश में सरपंचों को समय पर मानदेय नहीं मिलने का मामला प्रश्काल में प्रमुखता से उठा. कांग्रेस सदस्य मुकेश मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश में 23 हजार से अधिक सरपंच और 4 लाख से अधिक वार्ड पंच हैं, लेकिन उनको समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है.**

सरपंचों को अब तक महज 14-15 माह का ही मानदेय दिया गया है, वहीं पंचों को तो इस कार्यकाल में एक पैसा नहीं दिया गया है. इस पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि सरपंच और पंच का चुनाव उनकी स्वेच्छा से समाज सेवा के लिए होता है. आजीविका अर्जन के लिए नहीं. उन्होंने कहा कि मानीदेय का भुगतान किया जा रहा है. सरपंचों को वर्तमान में रुपए 4250 रुपए प्रतिमाह और पंचों को 300 रुपए प्रति मासिक बैठक के मान से अधिकतक 1800 रुपए वार्षिक देने का प्रावधान है. उन्होंने ये भी कहा कि फिलहाल मानदेय बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है.

इस पर सदस्य मल्होत्रा ने मौजूदा दौर में इस मानदेय को नाकाफी बताया और कहा कि मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए. उन्होंने ये भी कहा कि जब वे सरपंच थे, तब दो साल का कार्यकाल पूरा किया, लेकिन मात्र 4 माह का ही मानदेय दिया गया. अभी उनका बेटा सरपंच है, लेकिन उसका भी मानदेय रूका हुआ है. इस पर मंत्री ने इसे दिखवाने का भरोसा दिलाया.

# उमा के परिवार को जान से मारने की धमकी

**टीकमगढ़, 24 फरवरी. पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिवार को गंभीर धमकी मिलने का मामला सामने आया है. उनकी बहू और जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल लोधी ने देहात थाना में शिकायत दर्ज कराई है.**

आरोप है कि 21 फरवरी को उमिता लोधी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट पर 22 फरवरी की रात करीब 10:30 बजे 'जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा' नामक आईडी से आपत्तिजनक और धमकी भरे कमेंट किए गए. इसमें उन्हें, उनके पति और पूर्व मंत्री राहुल लोधी को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई.

कुछ घंटे बाद दो अज्ञात युवक बंगले के बाहर पहुंचे, चेहरा ढका हुआ था और उन्होंने गाली-गलौज करते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी दोहराई. शोर सुनकर एक पड़ोसी मौके पर आए, लेकिन आरोपी फरार हो गए. उमिता लोधी ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आईपीसी की धारा 296 (बी), 351 (3) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की.


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**कोचिंग डिपो इंदौर : ई-निविदा सूचना**

**संख्या** : E-IND-WLI-2026-A, **दिनांक** : 21.02.2026.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली ई-निविदा निविदा संख्या : E-IND-WLI-2026-A के विरूद्ध अंतिम तिथि 19/03/2026 15:00 बजे तक) (एकल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा।

यदि किसी कारण-वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी।

**कार्य का नाम एवं स्थान : कार्य का नाम** – अंडरस्लंग और ओवरहेड वॉटर टैंक वाले कोचों के लिए जल स्तर संकेतक की व्यवस्था। **स्थान** : कोचिंग डिपो-इंदौर, **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 2,29,60,000/- (सभी कर, ड्यूटीज, एवं जी.एस.टी. सहित), **बयाना राशि** : ₹ 2,64,800/-, **समापन अवधि** : एल.ओ.ए. जारी होने की तारीख से 12 माह, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी** : कार्यालय – वरि.कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय** : 15:00 बजे दिनांक 19/03/2026 तक जमा करने का समय, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है** : निविदाऐं IREPS वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

ADM/3/1/478

Follow us on: twitter.com/WesternRly



**भारतीय खाद्य निगम**

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2026/05 दिनांक: 25.02.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**



**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री**

**इन्दौर संभाग क्र. 1, जी-13, प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी, क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर, दूरभाष :- 9425601533**

**निविदा सूचना क्र. 16/2025-26**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा विशेष मरम्मत कार्य, पुलिस चौकी, पिटोल (जिला-झाबुआ) का निर्माण कार्य, अनुमानित लागत रु. 11.99 लाख हेतु निविदा (क्र. 2026_MPPHC_484644) आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124598/2026 **परियोजना यंत्री**






10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Indore: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050 • **Vijay Nagar** SOJATA BAJAJ 8357064113• **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 • Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BAHGITATHA BAJAJ **8878860777• Barwani** KISSAN BAJAJ 8120993333 • **Burhanpur** MADHUSUDAN BAJAJ 9406689146, **Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Khargone** PRECIOUS BAJAJ 8818822284• **Sanawad Shrinathji Automobiles 9713345263• Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **RAU** BIYANI BAJAJ 8602344425 **Pithmapur** Biyani Bajaj **7566777725• Mandsaur** BHACHAWAT BAJAJ 7049256196 • **Neemuch** BHACHAWAT BAJAJ 9826322062 • **Ujjain: Dewas Road** – Mainashree Bajaj 9893625022 • **Ratlam – Central BAJAJ** – 07412-356838, 9039001891 • **Shujalpur** – Nema BAJAJ **9009151539,7049733995.**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**